प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 29.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के रायपुर में चल रहे पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में नक्सल अभियान, आंतरिक तथा महिला सुरक्षा और पुलिस नवाचार पर मंथन हो रहा है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि जब–जब झारखंड के साथ षडयंत्र की कोशिश होगी, तब–तब हम और बड़ी ताकत के साथ कामयाब होंगे। रांची में कल के नियुक्ति पत्र वितरण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहका कि युवाओं को सरकारी नौकरी देने के संकल्प में यह दिन ऐतिहाकिस बन गया, जिसके असली हकदार झारखंड के युवा हैं। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड विरोधी लोग षडयंत्र करना छोड़ दें, तो राज्य के युवा, युवा झारखंड के सर्वांगीण विकास में ऐतिहासिक भागीदारी निभा सकते हैं।

****

हेमंत सरकार के दूसरे कार्यकाल एक वर्ष पूरा होने पर भाजपा द्वारा आज आरोप पत्र जारी किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आरोप पत्र जारी करते हुए ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। श्री मरांडी ने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय राज्य की जनता से एक वोट, सात गारंटी का वायदा किया था, जिसे पूरा करने में नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नियोजन नीति, जनजातीय समाज की भाषा संस्कृति की रक्षा, सस्ते दर पर रसोई गैस और रोजगार के फ्रंट पर सरकार ने लोगों को सिर्फ धोखा दिया है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में शिक्षा की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है।

****

बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर रांची के बरियातू स्थित आरोग्य भवन में धरती आबा संग्रहालय का उद्घाटन और क्रांति नायक धरती आबा बिरसा मुंडा पुस्तक का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम और विशिष्ट अतिथि के रुप में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष और पद्मभूषण राम बहादुर राय ने किया। कार्यक्रम में विकास भारती के सचिव और पद्मश्री अशोक भगत भी मौजूद थे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

****

नीति आयोग की ओर से इस वर्ष अप्रैल से जून की आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में सिमडेगा जिले ने देशभर के एक सौ बारह आकांक्षी जिलों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

****

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज कल से शुरु हो रहा है। पहला मुकाबला रांची के जेएससीए स्टेडियम में दिन के डेढ़ बजे से होगा। मैच में करीब 30 हजार दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। दर्शकों को दिन के साढ़े दस बजे से स्टेडियम में प्रवेश दिया जायेगा। इधर, दोनों टीमों के खिलाड़ी आज भी अभ्यास सत्र में हिस्सा ले रहे हैं। शाम साढ़े पांच बजे से रात साढ़े आठ बजे तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी भी अभ्यास करेंगे।

इधर, मैच को लेकर रांची पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए भी कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं।

***********समाप्त*************